# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

**विषय - हिन्दी (द्वितीय भाषा)**

**समय- $2\frac{1}{2}$ घण्टे** | **कक्षा- 5** | **पूर्णांक-60**

**बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न क्र. 1-5)**

**निर्देश** - सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-1 मध्यप्रदेश का कौन सा नगर "महाकाल धाम" नाम से प्रसिद्ध हुआ है ? 1

(A) भोपाल (B) सागर (C) खजुराहो (D) उज्जैन

प्र-2 'हम भी सीखें' कविता में नया उजाला करने के लिए कवि किसके दीप जलाने को कह रहा है? 1

(A) तेल के दीप (B) मेहनत के दीप (C) घी के दीप (D) माटी के दीप

प्र-3 रम्मो और कल्लो के सही नाम बताइए? 1

(A) रामिया -राधिका (B) रजिया- रज्जो (C) रमावती- कलावती (D) सोमवती -पार्वती

प्र-4 एक अच्छा नागरिक बनने के लिए हमें कैसे रहना चाहिए? 1

(A) अनुशासन में (B) गफलत में (C) अशिक्षा में (D) उपेक्षा में

प्र-5 'पेट में चूहे कूदना' मुहावरे का अर्थ है- 1

(A) पेट में दर्द होना (B) पेट साफ न होना (C) देर तक भूख न लगना (D) जोरों की भूख लगना

**रिक्त स्थान (प्रश्न 6 - 10)**

**निर्देश** - नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-6 वीर शिवाजी ने पुर्तगालियों से .......................... का किला जीत लिया था। 1

प्र-7 .......................... की कर्कश बोली किसी को नहीं भाती। 1

प्र-8 डॉ. अंबेडकर भारत के प्रथम .......................... बने। 1

प्र-9 'उन्नत खेती-उत्तम खेती' पाठ के अनुसार राजेंद्र का पूरा ध्यान .......................... की ओर था। 1

प्र-10 काक: .......................... इव श्वेतवर्ण: भवितुम् इच्छति। 1

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 11 - 16)**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्र-11 'मेरा नया बचपन' कविता की कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान का जन्म किस सन् में और कहाँ हुआ था? 2

प्र-12 पर्यावरण सुधार के लिए डॉ. अब्दुल कलाम ने क्या कहा? 2

प्र-13 उज्जैन की प्रमुख पहचान क्या है? 2

प्र-14 अकबर को दूत की माँग बेतुकी क्यों लगी ? 2

प्र-15 क: परमो धर्म:? 2

प्र-16 'गढ़ आला सिंह गेला।' -कथन किसने कहा था ? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 17 - 22 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं:

प्र-17 क्या समान होने पर भी कौए की तुलना में कोयल का महत्व अधिक है? 3

प्र-18 किस घटना से चंद्रशेखर आजाद की ईमानदारी के गुण का पता चलता है ? 3

प्र-19 भारतीय सेना के तीनों अंगों के नाम और कार्य लिखिए। 3

प्र-20 निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए- 3

1. हाँ में हाँ मिलाना, 2. सोने पर सुहागा, 3. आँखों का तारा

प्र-21 अपने प्रधानाध्यापक को मित्र की शादी होने का कारण देते हुए तीन दिवस के अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए। 3

प्र-22 मित्र को जन्मदिन की बधाई के लिए पत्र लिखिए। 3

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 23 - 26 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्र-23 'नीति के दोहे' पाठ में दिए कवि वृन्द के किन्हीं दो दोहों का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए। 5

प्र-24 रानी अवन्ती बाई के संघर्ष और बलिदान की कहानी अपने शब्दों में लिखिए। 5

प्र-25 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 5

कक्षा में बच्चे 'अक्षरमाला' पढ़ते थे, अक्षर लिखते थे और अंक गणित के सवाल बनाकर हल करते थे। यह सब बच्चों के बहुमुखी जीवन में विशेष महत्व रखता था। 'अक्षरमाला' में एक ही पाठ को बार-बार नहीं पढ़ना पड़ता था। इससे एकरसता नहीं आती थी। सब बच्चों को अक्षरों की पहचान तो थी ही हम अच्छी तरह पढ़ने के लिए तरह-तरह के अभ्यास भी करते थे। बच्चे प्रकृति के बारे में छोटी-छोटी बातें सोचते और उन्हें समझने की कोशिश करते। किताब में एक ही चीज बार-बार रटने से यह तरीका ज्यादा अच्छा था।

प्र-1. बच्चे कक्षा में क्या पढ़ते थे?

प्र-2. एकरसता कब आती है?

प्र-3. सीखने का कौन-सा तरीका ज्यादा अच्छा है?

प्र-4. बच्चे गणित कैसे सीखते थे?

प्र-5. गद्यांश में कौन-से शब्द समूह 'युग्म शब्द' हैं?

प्र-26 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक के बारे में पाँच वाक्य लिखिए- 5

मेरा/मेरी प्रिय मित्र/सहेली, मेरा प्रिय त्यौहार, मेरा विद्यालय

-----x-----